### कुंडम परियोजना अंतर्गत छाहर एवं दादर सिंहुडी के बीच वन कक्ष की घटना

# भीषण आग से धधका जंगल, 100 एकड़ क्षेत्र चपेट में, वन्यजीवों पर मंडरा रहा संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र में बढ़ती गर्मी के साथ ही वनाग्नि की घटनाओं में भी बेतहाशा इजाफा हो रहा है। मंगलवार को वन विकास निगम की कुंडम परियोजना के अंतर्गत आने वाले जंगलों में भीषण आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि देखते ही देखते इसने करीब 100 एकड़ के वन क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में बड़ी संख्या में बेशकीमती वनस्पति जलकर खाक हो गई है, वहीं वन्यजीवों के अस्तित्व पर भी गंभीर संकट मंडरा रहा है।



### तपिश से राहगीर परेशान

यह पूरा मामला तहसील क्षेत्र के ग्राम छाहर और दादर सिंहुडी के बीच के वन कक्ष का है।अचानक उठी आग की लपटों ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। वहाँ से गुजर रहे राहगीरों ने बताया कि आग की तपिश इतनी ज्यादा थी कि मुख्य सड़क से गुजरना भी दूभर हो गया था। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने इस पूरी घटना का वीडियो एक वीडियो भी सामने आया है वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि आग की लपटें पेड़ों को अपनी आगोश में ले रही हैं और चारों ओर धुएं का गुबार छाया हुआ है।

### बेहद तेजी से फैली आग

जंगल में लगी इस आग के कारण न केवल छोटे-बड़े पेड़-पौधे नष्ट हुए हैं, बल्कि वहाँ रहने वाले जंगली जानवरों और रेंगने वाले जीव-जंतुओं पर भी सीधा खतरा आ गया है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग जिस तेजी से फैली है, उसमें कई छोटे जीवों के झुलसने की आशंका है। भीषण गर्मी के कारण पहले ही पानी के स्त्रोतों की कमी है, और अब आग की इस त्रासदी ने वन्यप्राणियों के लिए सुरक्षित ठिकाना भी छीन लिया है।

### समय पर नहीं किये प्रयास

आश्चर्य की बात यह रही कि इतनी बड़ी घटना के बावजूद वन विकास निगम या संबंधित विभाग का कोई भी अधिकारी या बीट गार्ड लंबे समय तक मौके पर नहीं पहुंचा। राहगीरों और ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि आग लगने की सूचना और होने के बाद भी विभाग की ओर से आग बुझाने के ठोस प्रयास समय पर शुरू नहीं किए गए। विभागीय अमले की इस गैर-जिम्मेदाराना कार्यप्रणाली के कारण आग ने 100 एकड़ से अधिक क्षेत्र को नुकसान पहुँचाया है।

### कई फीट ऊपर उठ रही थीं लपटें

राहगीर राजेश सिंह ने बताया कि जंगल में आग की लपटें बहुत ऊंची उठ रही थीं। सड़क से निकलते समय भी आग का अहसास हो रहा था। तकरीबन 100 एकड़ में आग फैली हुई है, जिससे पेड़ों और जानवरों को भारी नुकसान हुआ होगा।

### इनका कहना है

इस संबंध में वन निगम कुण्डम परियोजना परिक्षेत्र ढीमरखेड़ा रेंज अधिकारी मनीष आपरो ने बताया कि पास के ही खेत में लगी आज से जंगल में आग फैल गई थी सूचना मिलने के बाद तत्काल टीम मौके पर पहुंची आग पर काबू पा लिया गया है।

# 3 दिन से लापता युवक की लाश मिलने से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



बड़वारा थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक निर्माणाधीन मकान के शौचालय टैंक से एक युवक का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान बड़वारा निवासी 30 वर्षीय उमेश कुम्हार पिता दसी कुम्हार के रूप में हुई है। युवक पिछले तीन दिनों से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता था। परिजनों ने बताया कि उमेश पिछले तीन दिनों से घर नहीं लौटा था। उसके भाई के अनुसार परिवार और रिश्तेदार लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। मंगलवार सुबह मशीन चौक स्थित नवीन सोनी के निर्माणाधीन मकान के पास से गुजर रहे लोगों ने दुर्गंध महसूस की। जांच करने पर शौचालय के टैंक में एक शव पानी में तैरता हुआ दिखाई दिया। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

### मशक्कत से निकाला शव

घटना की सूचना मिलते ही बड़वारा पुलिस मौके पर पहुँची। टैंक में गहराई और पानी होने के कारण शव को बाहर निकालने में पुलिस टीम को कई घंटों तक मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा भेजा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह मामला दुर्घटना या संदिग्ध परिस्थितियों से जुड़ा प्रतीत हो रहा है।

### पुलिस कर रही जांच

इस संबंध में एएसपी डॉ. संतोष कुमार डहेरिया ने बताया कि पुलिस हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि युवक शौचालय के गड्ढे तक कैसे पहुँचा और किन परिस्थितियों में उसकी मौत हुई, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि मकान मालिक द्वारा निर्माण स्थल पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए थे या नहीं। यदि सुरक्षा मानकों में लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### नगर निगम कटनी का सामान्य सम्मिलन आज

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी का सामान्य सम्मिलन 15 अप्रैल 2026 को दोपहर 12 बजे निगम सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। सम्मिलन में शहर के विकास, कर निर्धारण, बजट एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे। सम्मिलन की कार्यसूची के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित बजट एवं वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट पर विचार किया जाएगा। इसके साथ ही जलकर से संबंधित अधिभार, संपत्ति कर निर्धारण में संशोधन तथा कर योग्य संपत्तियों के मूल्य में वृद्धि जैसे मुद्दे भी एजेंडे में शामिल हैं। बैठक में नगर निगम द्वारा जारी किए जाने वाले ट्रेड लाइसेंस के वार्षिक शुल्क में संशोधन तथा नए व्यवसायों को पोर्टल में शामिल करने का प्रस्ताव भी रखा जाएगा। वहीं सौर ऊर्जा से जुड़े भवनों को संपत्ति कर में छूट देने के विषय पर भी चर्चा संभावित है। इसके अलावा वीर सावरकर वार्ड क्रमांक 12 के अनुसूचित वर्ग परिवारों की बस्ती का नाम "संत रविदास नगर" किए जाने का प्रस्ताव भी विचारार्थ प्रस्तुत होगा। सम्मेलन में जनहित से जुड़े अन्य विषयों पर भी चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। नगर निगम प्रशासन ने सभी पार्षदों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

### सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्ति का दिलाया गया संकल्प



**स्लीमनाबाद।** जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित समाज कार्य स्नातक एवं स्नातकोत्तर की 29वीं संपर्क कक्षाओं के अवसर पर नवांकुर संस्था युवा जन सेवा समिति तेवरी द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मेंहदी, रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इसके साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्ति अभियान के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने पोस्टरों की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को 19 अप्रैल को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।इस दौरान ब्लॉक समन्वयक अरविंद शाह, मेंटर अवधेश बैरागी, रामसिंह पटेल, आशीष कुमार तिवारी, विनोद सिंह सैयाम, उमा अवस्थी एवं छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की।

### धोखाधड़ी कर खाते से निकाली राशि

**कटनी।** सब्जी मंडी क्षेत्र में 49 वर्षीय श्याम सिंह के साथ धोखाधड़ी हुई। पीड़ति के अनुसार अज्ञात आरोपियों ने छल-पूर्वक उनके खाते से 1,04,995 रुपये निकाल लिए। घटना 6 अप्रैल की शाम करीब 6:30 बजे की बताई जा रही है, जिसकी शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने धारा 318(4) और 319(2) BNS के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

# सड़क में अचानक मवेशी के आ जाने से अनियंत्रित पिकअप पलटा, बिखरी बोरियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अनाज से भरा पिकअप वाहन पलट गया। हादसा कटनी-दमोह मुख्य मार्ग में कुठला थाना क्षेत्र के देवगांव मंडी के पास हुआ। हादसे में ड्राइवर घायल हो गया है। उसे मामूली चोटें आईं हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिकअप वाहन (क्रमांक MP14GC2593) कटनी से भारी मात्रा में अनाज की बोरियां लादकर भोपाल की ओर जा रहा था। वाहन जब देवगांव मंडी के समीप पहुंचा, तभी यह हादसा हुआ। अचानक सड़क पर एक गाय सामने आ गई। तेज रफ्तार पिकअप के चालक ने गाय को बचाने के लिए अचानक ब्रेक लगाए और वाहन को मोड़ने का प्रयास किया। इस दौरान चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और पिकअप सड़क किनारे पलट गया।



वाहन के पलटते ही उसमें रखी चावल की बोरियां फट गईं और सारा अनाज सड़क किनारे बिखर गया। दुर्घटना में चालक को मामूली चोटें आई हैं, जिसका एक निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर चालक को वाहन से बाहर निकाला। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह मार्ग काफी व्यस्त रहता है। हादसे के समय उस स्थान पर अन्य कोई वाहन या राहगीर मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया और जान-माल के भारी नुकसान से बचा जा सका।

### घंटाघर क्षेत्र से बदमाशों ने डेढ़ लाख किये पार, सूने मकान से जेवरात चोरी

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र घंटाघर चौराहे पर एक व्यक्ति के बैग से डेढ़ लाख रुपये पार कर दिए गए। वहीं माधवनगर की पॉश एसीसी कॉलोनी में एक सूने मकान को निशाना बनाकर सोने-चांदी के जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया गया। जानकारी के अनुसार घंटाघर चौराहे पर कुठला थाना क्षेत्र के मझगवां फाटक निवासी नरेश चौधरी 40 वर्ष 1,50,000 रुपये लेकर किसी कार्यवश बाजार आए थे। दोपहर करीब 2:30 से शाम 6:30 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने नजर बचाकर उनकी यह राशि पार कर दी। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। वहीं माधवनगर थाना क्षेत्र की न्यू एसीसी कॉलोनी में जी.सी. मोटवानी 70 वर्ष के सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने घर के अंदर प्रवेश किया। पीड़ित के अनुसार चोर अलमारी में रखे सोने-चांदी के कीमती जेवरात समेट ले गए। घटना 11 और 12 अप्रैल की दरमियानी रात की बताई जा रही है, जब परिवार घर पर मौजूद नहीं था। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर धारा 331(4) और 305(ए) BNS के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

### महिलाओं की भागीदारी को अधिक सुदृढ़ करना है उद्देश्य



बहोरीबंद विकासखंड में नारी शक्ति वंदन पखवाडा कार्यक्रम का आगाज हुआ। नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम जनपद सभागार बहोरीबंद में आयोजित हुआ जहाँ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संबोधित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का राष्ट्रीय कार्यक्रम को सीधा प्रसारण देखा गया। जनपद सभागार के अलावा ग्राम पंचायतों में उपस्थित मातृ शक्तियों के विशाल जन समुदाय ने उत्साह के साथ देखा और सुना।परियोजना अधिकारी सतीश पटेल ने बताया कि नारी शक्ति वंदन सम्मेलन भारत के विकास पथ को आकार देने में महिलाओं की अधिक भागीदारी के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। यह ग्राम पंचायतों से लेकर सभी स्तरों पर शासन और नेतृत्व में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को दर्शाएगा। यह कार्यक्रम निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में महिलाओं के अधिक प्रतिनिधित्व के महत्व पर बल देगा।यह सम्मेलन विकसित भारत की दिशा में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डालेगा। यह विकसित भारत की परिकल्पना के मुख्य स्तंभ के रूप में महिला नेतृत्व वाले विकास के प्रति सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करेगा।

# मुरवारी–पोड़ी सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप, उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत मुरवारी से पोड़ी तक प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमितताओं का मामला सामने आया है।जनपद सदस्य ज्योति ब्रजभूषण बैरागी ने निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायत सौंप दी है। बताया गया है कि मुरवारी से पोड़ी सड़क का निर्माण कार्य जून 2023 में लगभग 32 लाख रुपये की लागत से मनरेगा मद सहित स्वीकृत हुआ था। लेकिन अब तक इस सड़क पर न तो गुणवत्ता पूर्ण कार्य हुआ है और न ही आवश्यक ढांचागत निर्माण पूरे किए गए हैं।

सबसे गंभीर बात यह है कि मार्ग में जरूरी पुलिया तक नहीं डाली गई , जिससे आम लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।जनपद सदस्य ने यह भी आरोप लगाया कि पोड़ी क्षेत्र की भटिया में भी किसी प्रकार का कार्य नहीं किया गया है, जबकि कागजों में काम पूरा दिखाया जा सकता है।



उन्होंने इस मामले को लेकर जनपद पंचायत के सीईओ यजुर्वेद कोरी को लिखित शिकायत पत्र सौंपते हुए दोषी ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्योति ब्रजभूषण बैरागी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि नियमानुसार निर्माण कार्य नहीं कराया गया और भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगी, तो क्षेत्र की जनता के साथ उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में इस तरह की लापरवाही और भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्थानीय लोगों में भी इस मामले को लेकर नाराजगी देखी जा रही है और प्रशासन से जल्द जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की जा रही हैं।

*शासकीय महाविद्यालय में पांच दिवसीय कार्यक्रमों का हुआ समापन*

# रैली निकाल बाबा साहब के जीवन संघर्ष एवं योगदान को जन जन तक पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में आयोजित पांच दिवसीय शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समापन मंगलवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक न्याय, समानता एवं संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ 10 अप्रैल को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बृजलाल अहिरवार द्वारा बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।



प्रथम दिवस पर "भारतीय संविधान एवं सामाजिक न्याय" विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें वक्ताओं ने बाबा साहब के विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। द्वितीय दिवस पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। तृतीय दिवस पर संगोष्ठी एवं समूह चर्चा के माध्यम से सामाजिक समता एवं अधिकारों पर सार्थक विमर्श हुआ। चतुर्थ दिवस पर आयोजित जन-जागरूकता रैली के माध्यम से बाबा साहब के जीवन संघर्ष एवं उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाया गया।समापन दिवस 14 अप्रैल को आयोजित समारोह में प्राचार्य डॉ. बृजलाल अहिरवार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बाबा साहब के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। व्याख्यानमाला के अंतर्गत डॉ. श्वेता सिंह बघेल एवं डॉ. कृष्ण कुमार नागवंशी ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. अखिलेश कुमार द्विवेदी, डॉ. मनीषा व्यास, डॉ. सचिन कोष्टा, डॉ. मनोज कुमार गुप्ता, स्मिता परसाई, युवराज तिवारी,आरती मिश्रा,मनीष झारिया, जितेंद्र,राजीव कुमार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहब के विचारों को आत्मसात कर समाज में समानता, न्याय एवं बंधुत्व को मजबूत करने का संकल्प लिया।

### बहोरीबंद विकासखंड में 16 हजार से अधिक किसानों ने कराया है पंजीयन

# 25 उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर आज से होगी गेंहूँ खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत समर्थन मूल्य पर गेंहूँ खरीदी प्रक्रिया 15 अप्रेल यानि आज से शुरू हो जाएगी। गेंहूँ खरीदी प्रक्रिया को निर्धारण किये गये उपार्जन केंद्र में तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। बहोरीबंद विकासखंड में समर्थन मूल्य पर गेंहूँ खरीदी के लिए बहोरीबंद विकासखंड मै 25 उपार्जन केंद्र बनाये गये है जिसमें बहोरीबंद तहसील मै 17 तो स्लीमनाबाद तहसील में 8 उपार्जन केंद्र बनाये गये है। वही 16 हजार से अधिक किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेंहूँ की उपज विक्रय करने पंजीयन कराया है जिसमें बहोरीबंद तहसील मै 10826 ओर स्लीमनाबाद तहसील में 5367 किसानों ने पंजीयन कराया है!

### ये बनाये गये है उपार्जन केंद्र

रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए बहोरीबंद विकासखंड में 25 उपार्जन केंद्र बनाये गये है जिसमें बहोरीबंद, हथियागढ़, बचैया, कुआँ, कूडन, किवलारी, बाकल, मसंधा, सिहुडी, बरही, इमालिया, कूड़ा, चाँदनखेडा, देवरी खरगवाँ, पथराड़ी पिपरिया, सलैया पटोरी व खमतरा उपार्जन केंद्र बनाये गये है। स्लीमनाबाद तहसील मै स्लीमनाबाद, तेवरी, भूला, पड़रभटा, धूरी, कौड़िया, धरवारा व जुजावल उपार्जन केंद्र बनाये गये है।

### किसानों के लिए हों सुविधाएं

सहायक आपूर्ति अधिकारी पीयूष शुक्ला ने सभी खरीदी प्रभारियों को निर्देशित किया है कि सभी खरीदी केंद्रों पर छन्नों की व्यवस्था की रहे । इसके अलावा मौसम खराब होने की संभावना के मद्देनजर उपार्जित गेहूं को सुरक्षित रखने तिरपाल की व्यवस्था और किसानों के लिए ठंडे पेयजल, पंखों, छाया तथा आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जाये जिससे किसानों को धूप में खड़े होकर किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी, व्यवस्थित और समयबद्ध ढंग से संचालित की जाए तथा किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो।



किसान भाईयों से अपील की गई है कि वे उपार्जन केन्द्र में छना हुआ साफ-सुथरा गेंहू लायें। उपार्जन केन्द्र में एफएक्यू गुणवत्ता का ही गेहूं खरीदा जायेगा। गेहूँ उपार्जन शासकीय कार्य दिवसों में प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक किया जाएगा, जिससे किसानों को सुविधाजनक समय मिल सके। राज्य सरकार ने किसानों को अतिरिक्त लाभ देने के उद्देश्य से गेहूँ खरीदी पर 40 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने का निर्णय लिया है। इसको मिला कर किसानों से गेहूँ की खरीदी 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। भुगतान सीधे किसानों के बैंक खाते में होगा।

### इनका कहना है

पीयूष शुक्ला सहायक आपूर्ति अधिकारी रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत समर्थन मूल्य पर गेंहूँ खरीदी प्रक्रिया 15 अप्रेल से शुरू हो जाएगी। गेंहूँ खरीदी के लिए बहोरीबंद विकासखंड में 25 उपार्जन केंद्र बनाये गये है। साथ ही 16 हजार से अधिक किसानों ने पंजीयन कराया है। खरीदी प्रक्रिया को लेकर खरीदी प्रभारियों को लेकर विस्तृत दिशा - निर्देश दे दिए गये है।

# फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर ठगी का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

जिला पंचायत के पूर्व सीईओ शिशिर गेमावत की फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाकर वन रक्षक से ठगी का प्रयास किया गया।ठगों ने ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के खमरिया रेंज में पदस्थ वनरक्षक प्रदीप तिवारी से फर्नीचर के नाम पर 95 हजार रुपये हड़पने का जाल बुना था, वनरक्षक की सूझबूझ ने विफल कर दिया। जानकारी के अनुसार, ठगों ने शिशिर गेमावत (पूर्व सीईओ, जिला पंचायत कटनी) के नाम और फोटो का उपयोग कर एक फर्जी फेसबुक आईडी बनाई। इस आईडी से वनरक्षक प्रदीप तिवारी को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी गई। पद की गरिमा और परिचय के कारण वनरक्षक ने रिक्वेस्ट स्वीकार कर ली। इसके बाद मैसेंजर पर बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ।



ठगों ने विश्वास में लेने के बाद एक मोबाइल नंबर साझा किया और बताया कि कुछ 'लक्जरी सोफे' और अन्य घरेलू सामान बेहद कम कीमतों पर उपलब्ध हैं, जिसके लिए 95 हजार रुपये का भुगतान करना होगा। वनरक्षक प्रदीप तिवारी ने बताया कि साइबर अपराधियों का तरीका इतना व्यवस्थित और विश्वसनीय प्रतीत होता है कि ग्रामीण क्षेत्रों के सीधे-सादे लोग आसानी से इनके झांसे में आ सकते हैं। संदेह होने पर तिवारी ने तत्काल मामले के स्क्रीनशॉट लिए और कुछ वीडियो रिकॉर्डिंग भी की, ताकि साक्ष्य के तौर पर इनका उपयोग किया जा सके। उन्होंने इस धोखाधड़ी की सूचना तुरंत अपने विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों को दी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए रेंजर अजय मिश्रा ने तत्काल तत्कालीन जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत से फोन पर संपर्क किया। श्री गेमावत ने स्पष्ट किया कि उनके द्वारा ऐसी कोई आईडी संचालित नहीं की जा रही है और न ही वे किसी प्रकार का सामान बेच रहे हैं। उन्होंने भी इस मामले में कड़ी कानूनी कार्यवाही करने की बात कही। वनरक्षक ने स्थानीय पुलिस थाने में लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है।

## खबर संक्षेप



### सिलौंडी मंडल में मनाई डा. अम्बेडकर की जयंती

**सिलौंडी।** भाजपा सिलौंडी मंडल में डॉक्टर भीम राव अंबेडकर की जयंती ग्राम दशरमन में मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी के नेतृत्व में मनाई गई। इस अवसर पर मातृशक्ति और पार्टी के वरिष्ठ जन का सम्मान किया गया। ग्राम चौपाल के माध्यम से आम जनता और कार्यकर्ता बंधु की समस्या का समाधान करने का प्रयास किया गया। मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने बताया डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर भारत के पहले कानून मंत्री थे। कोलंबिया यूनिवर्सिटी और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से PhD, अर्थशास्त्री, वकील, लेखक थे। समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व जैसे मूल्यों को संविधान का आधार बनाया, छुआछूत के खिलाफ आंदोलन, मंदिर प्रवेश सत्याग्रह, महाड़ सत्याग्रह, हिंदू कोड बिल के जरिए महिलाओं को संपत्ति और तलाक के अधिकार दिलाने की कोशिश, 1956 में लाखों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया, नवयान बौद्ध आंदोलन की शुरुआत किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ,सरपंच सीमा भरत शुक्ला ,संतोष असाठी,संतू असाठी , अरविंद तिवारी,सदन तिवारी, रावेंद्र गर्ग , राजा दहिया,अयोध्या साहू सहित ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

### निगम प्रशासन ने 1500 रूपये का किया स्पॉट फाइन

**कटनी।** शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा सख्त रुख अपनाते हुए स्वच्छता नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरुद्ध लगातार स्पॉट फाइन की कार्रवाई की जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निगम की टीम द्वारा विभिन्न वार्डों, बाजार क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण कर खुले में कचरा फेंकने, गंदगी फैलाने तथा निर्धारित स्थानों के अलावा कचरा डालने वाले नागरिकों एवं दुकानदारों पर मौके पर ही जुर्माना लगाया जा रहा है। इसी कार्यवाही के तहत विगत दिवस नगर के विभिन्न स्थलों क्षेत्र क्रमांक 1 एवं 6 में अभियान चलाया जाकर 1500 रूपये की स्पॉट फाइन की कार्यवाही की गई। इस दौरान क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षक एवं वार्ड दरोगा मौजूद रहे। स्वच्छ सर्वेक्षण एवं सुचारू सफाई व्यवस्था के मद्देनजर यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### खितौली चौकी प्रभारी बघेल को हटाया

**बरही।** खितौली पुलिस चौकी प्रभारी ऋषभ सिंह बघेल को हटाकर कुठला थाने भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार रात भोजन कर लौटते समय केवलारी गांव में सिविल ड्रेस में मौजूद चौकी प्रभारी बघेल का कुछ लोगों से विवाद हो गया था। बताया जा रहा है कि सड़क किनारे कुछ लोग शराब पी रहे थे, जिन्हें बघेल ने रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस विभाग ने मामले को गंभीरता से लिया। वीडियो सामने आने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने पूरे घटनाक्रम की समीक्षा करते हुए प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई की और चौकी प्रभारी ऋषभ बघेल को खितौली चौकी से हटाकर कुठला थाने में पदस्थ कर दिया।

### खितौली में मनाई जयंती



**बरही।** भाजपा मंडल खितौली में बाबा भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती मनाई गई। मंडल अध्यक्ष मनोज तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित किया गया। बाबा भीमराव अम्बेडकर जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए मंडल अध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहब समाज और देश के संविधान निर्माता के रूप बहुत कुछ किया है। हम उन्हें हमेशा याद करेंगे। इस अवसर पर मिथलेश त्रिपाठी, शिवकांत चतुर्वेदी,एवं महिलाओं की विशेष उपस्थिति रही।

---

**हितग्राहियों को हितलाभों और प्रावीण्य सूची के छात्रों को किया प्रमाण पत्र वितरित**

# किसी भी क्षेत्र में अपनी अमिट छाप बनाने के लिए शिक्षा ही सबसे अहम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर बस स्टैंड स्थित ऑडिटोरियम में हर्षोल्लास और गरिमा के साथ भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विद्यार्थियों और आमजन की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि तथा डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, कलेक्टर आशीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, वनमंडलाधिकारी गर्वित गंगवार, जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में विधायक श्री जायसवाल ने कहा कि चाहे राजनीति, प्रशासन, शिक्षा या खेल का क्षेत्र हो—किसी को भी आगे बढ़ने के लिए अपनी जगह स्वयं बनानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि सम्मान देना हमारी संस्कृति है, लेकिन किसी को भी अपमान करने का अधिकार नहीं दिया जा सकता। उन्होंने शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताते हुए कहा कि शिक्षित समाज ही अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर सम्मान के साथ आगे बढ़ सकता है।

विधायक ने आत्मविश्वास को सफलता की कुंजी बताते हुए कहा कि कई बार समाज या विरोधी हमें कम आंकने की कोशिश करते हैं, लेकिन अपनी योग्यता पर विश्वास रखने वाला व्यक्ति हर चुनौती का सामना कर सकता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का सपना था कि समाज का हर वर्ग यह संकोच छोड़ दे कि वह किसी पद या अवसर के योग्य नहीं है और आगे बढ़ने का साहस करे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर आशीष तिवारी ने डॉ. अंबेडकर के महिला सशक्तिकरण, समानता और संविधान निर्माण में योगदान को अविस्मरणीय बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है और हमें इसके मौलिक कर्तव्यों का पालन करते हुए समतामूलक समाज के निर्माण में योगदान देना चाहिए।

इससे पूर्व शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य चित्रा प्रभात ने संविधान का वाचन किया, जबकि छात्रा कीर्ति चौधरी ने बाबा साहब के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया। विभिन्न विद्यालयों एवं छात्रावासों की छात्राओं ने देशभक्ति एवं सामाजिक संदेशों से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### प्रमाण पत्रों का किया वितरण

कार्यक्रम के अंत में विधायक श्री जायसवाल एवं कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के हितग्राहियों को ऋण एवं अनुदान भी प्रदान किया गया। विधायक ने उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाली छात्राओं को दो-दो हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा भी की।

---



# दिव्यांचल मैरिज गार्डन में की गई तालाबंदी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर पालिक निगम द्वारा शहर में अनधिकृत रूप से संचालित मैरिज गार्डनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को झिंझरी स्थित दिव्यांचल मैरिज गार्डन में निगम की टीम द्वारा तालाबंदी की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई "मध्यप्रदेश नगर पालिका विवाह स्थल पंजीयन एवं उपभोग उपविधि 2020" के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर की गई। मौके पर अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह, क्षेत्रीय उपयंत्री संजय मिश्रा सहित अतिक्रमण दल के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

नोडल अधिकारी, कॉलोनी सेल अंशुमान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि संबंधित मैरिज गार्डन बिना आवश्यक पंजीयन एवं लाइसेंस के संचालित हो रहा था। पूर्व में संचालकों को नोटिस जारी कर नियमानुसार लाइसेंस प्राप्त करने के निर्देश दिए गए थे, किन्तु निर्धारित समयावधि में पालन नहीं किए जाने पर यह कार्रवाई की गई।

उन्होंने बताया कि विगत दिवस नदी पार क्षेत्र में स्थित तीन अन्य मैरिज गार्डनों में भी इसी प्रकार की तालाबंदी की कार्रवाई करते हुए उनके संचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई गई थी।

निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में संचालित सभी विवाह स्थलों के लिए निर्धारित उपविधियों के अंतर्गत पंजीयन एवं लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन करने वाले अन्य संस्थानों के विरुद्ध भी इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे केवल वैध रूप से पंजीकृत एवं अनुमति प्राप्त विवाह स्थलों का ही उपयोग करें, ताकि सुरक्षा, स्वच्छता एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

---

**धूमधमा से मनाई गई बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती**

# संविधान निर्माण और देश की आजादी में डा. अंबेडकर का है महत्वपूर्ण योगदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



भारत के इतिहास में जन्मे कई सारे महा पुरुषो में से एक बड़ा नाम हैं बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का जिन्होंने समाज, शिक्षा, राजनीति ओर न्याय व्यवस्थाकी दिशा में कई बदलाव किये ₹डॉ भीमराव अम्बेडकर ऐसे ही एक महान विचारक, समाज सुधारक ओर संविधान निर्माता थे, जिनका जन्म 14अप्रेल 1891 को हुआ था।

उक्त बातें जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी ने स्लीमनाबाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित संविधान निर्माता भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर कही। आगे उन्होंने कहा कि भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर ने हमें जाति एवं लिंग भेद से मुक्ति का मार्ग बताया। बगैर भेदभाव के शिक्षा देने के महत्व को समझाया। वर्तमान में महिलाओं का महत्वपूर्ण पदों पर होना संविधान की सामर्थ्य का प्रकटीकरण है। इसलिए युवा वर्ग संविधान का अध्ययन करें तथा अपने अधिकारों और कर्त्तव्यों के प्रति सजग रहें। व्यक्ति का सम्मान उसके गुण- दोष के आधार पर होना चाहिये, ना कि उसकी जाति के आधार पर। जाति के आधार पर भेद करना देश को कमजोर करना है।

जन शिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी ने कहा कि सामाजिक बुराईयों के प्रति हमें संकल्पित होकर काम करना होगा। हम अच्छा समाज तभी बना पायेंगे, जब किसी भी प्रकार का भेदभाव या छूआछूत नहीं हो। समरसता भाषण से नहीं, आचरण से आयेगी। इसके लिए मैदानी स्तर पर कार्य करना होगा।संविधान निर्माण और देश की आजादी में डॉ. अम्बेडकर का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। विश्व का सबसे अच्छा संविधान एवं लोकतंत्र भारत का है। इस दौरान संकुल प्राचार्य डी के ठाकुर, उइके मेडम,ब्रजेश दुबे, नितिन अग्रहरी, सविनय तिवारी, छुट्टू गुप्ता, नरेंद्र यादव मौजूद रहे।

संविधान निर्माता की जयंती पर भीम आर्मी के द्वारा रैली निकाली गईं जो स्लीमनाबाद तिराहा से प्रारम्भ होकर मुख्य बाजार से होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची। रैली में जय भीम के नारे लग रहे थे। रैली में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी सुदेश सुमन सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

---

### पोषण पखवाड़ा के तहत रैली निकाल किया जागरूक




महिला बाल विकास द्वारा विभाग द्वारा 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है इसके उपलक्ष्य में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में गतिविधियां आयोजित की जा रही है। मंगलवार को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में जंक फूड एवं पैक फूड के खतरों पर जागरूकता कार्यक्रम एवं रैलियां आयोजित की गई। यह कार्यक्रम परियोजना अधिकारी इंद्र कुमार साहू के मार्गदर्शन में सभी 270 आंगनबाड़ी केदो में आयोजित किया जा रहे हैं। ग्राम पंचायत बड़वारा में अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में नारी शक्ति बंदन अभियान अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए एवं पोषण रैली निकाली गई इस कार्यक्रम में सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं एवं सभी सेक्टर पर्यवेक्षक बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे आंगनबाड़ी केंद्रों में महिलाएं 3 से 6 साल के बच्चों गर्भवती धात्री एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित हो रहे हैं यह कार्यक्रम 25 अप्रैल तक चलाया जाएगा।

---

# डॉ.अंबेडकर की जयंती पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



भारत रत्न विधिवेत्ता, समाज सुधारक बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर खंडस्तरीय गरिमामय कार्यक्रम हितग्राही सम्मेलन ग्राम पंचायत भवन बड़वारा में बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह के मुख्यातिथ्य एवं जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुधा जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बाबा साहेब के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया।

विधायक धीरेंद्र सिंह द्वारा बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डाला गया और शिक्षा संगठन और संघर्ष का बाबा साहेब का संदेश दिया गया। कार्यकम में मंडल अध्यक्ष एवं उपसरपंच अनुराग गुप्ता बड़वारा द्वारा बाबा साहेब की जन्मभूमि मध्यप्रदेश है यह हम सब के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय। एवं उत्कृष्ट विद्यालय बड़वारा द्वारा लोक गीत एवं लोकनृत्य की प्रस्तुति दी गई।

कार्यकम में स्थानीय जन संतोष द्विवेदी, हर्ष द्विवेदी,मुन्नू श्रीवास, केतन गर्ग, बड़वारा की सरपंच श्रीमति सुनैना सिंह, जनपद पँचायत बड़वारा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभा टेकाम, नायब तहसीलदार हर्षराम टेक,ब्लॉक समन्वयक बबीता सिंह जनपद पंचायत बड़वारा , सहायक लेखाधिकारी गोविंद सिंह जनपद पंचायत बड़वारा,सूर्यप्रताप सिंह एन. आर. एल.एम जनपद पंचायत बड़वारा ,रेशमा परवीन अर्पिता प्यासी ,रेणुका सिंह ,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,समस्त पंच गणमान्य नागरिक तथा स्वच्छता ग्राही राजेश चौधरी उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति पर विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा बच्चों को प्रोत्साहन राशि भी दी गई।कार्यक्रम का सफल संचालन ए. पी. ओ.. डॉ अजीत सिंह जनपद पंचायत बड़वारा द्वारा किया गया।

---

**कन्या महाविद्यालय मे जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

# जल ही जीवन है, इसे सहेजने के लिये करें प्रयास, औरों को भी करें प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय कन्या महाविद्यालय, में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन एवं मिशन लाइफ की संयोजक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी के संयोजन में जल गंगा संवर्धन अभियान एवं इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में वर्षा जल संचयन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं द्वारा वर्षा जल संचयन पर आकर्षक पोस्टर निर्माण एवं स्लोगन लेखन गतिविधि आयोजित की गई। छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को प्रदर्शित करते हुए अत्यंत सुंदर एवं संदेशपूर्ण पोस्टर तैयार किए। इन पोस्टरों पर वर्षा के जल को संचित करने, उसके महत्व को समझाने तथा जल संरक्षण की आवश्यकता पर प्रभावी स्लोगन लिखे गए। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. विमला मिंज ने छात्राओं द्वारा बनाए गए आकर्षक पोस्टरों एवं स्लोगनों की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने छात्राओं को भविष्य में भी वर्षा जल संचयन जैसी उपयोगी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने तथा जल संरक्षण की आदत को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया।

वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. वंदना मिश्रा ने भी छात्राओं के उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसी रचनात्मक गतिविधियाँ न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक हैं, बल्कि छात्राओं के व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने छात्राओं को भविष्य में भी इस प्रकार के सकारात्मक कार्यों को निरंतर जारी रखने की प्रेरणा दी।

इको क्लब प्रभारी डॉ. रीना मिश्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें मिशन लाइफ एवं गंगाजल संवर्धन अभियान से निरंतर जुड़े रहने तथा अपने आस-पास के लोगों में जल संरक्षण की जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। उपस्थित प्रमुख सदस्यों में डॉ. अमिताभ पाण्डेय, डॉ. वीणा सिंह, के.जे. सिन्हा, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. संजय कांत भारद्वाज, डॉ. अशोक शर्मा, भीम बर्मन, प्रेमलाल कॉवरे, डॉ. अपर्णा मिश्रा आदि मौजूद रहे।

---

**अग्निशमन सेवा दिवस पर जागरूकता रैली का हुआ आयोजन**

# विषम परिस्थितियों में नागरिकों की सुरक्षा करते हैं अग्निशमन कर्मी: कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर पालिक निगम कटनी के सिविल लाइन स्थित अग्निशमन कार्यालय में मंगलवार प्रातः अग्निशमन सेवा दिवस गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार, निगम प्रशासन एवं अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा वर्ष 1944 में मुंबई डॉकयार्ड में हुए भीषण विस्फोट में कर्तव्य निभाते हुए शहीद हुए 66 दमकल कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई तथा दो मिनट का मौन रखकर उनके सर्वोच्च बलिदान को स्मरण किया गया। कार्यक्रम में पार्षद अवकाश जायसवाल, मौसुफ अहमद बिट्टू, कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, असिंत खरे, अंशुमान सिंह, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी एवं अग्निशमन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निगमायुक्त सुश्री परिहार ने कहा कि अग्निशमन कर्मी विषम परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, जो अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियां अपनाएं तथा जागरूकता बढ़ाने में सहयोग करें। साथ ही, अग्निशमन कार्यालय के सुचारु संचालन हेतु आधुनिक संसाधन एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन भी निगमायुक्त द्वारा दिया गया।

इस अवसर पर निगमायुक्त एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा अग्नि सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से तीन फायर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ये वाहन शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए नागरिकों को आग से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करते रहे। रैली के माध्यम से आग लगने की स्थिति में तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना देने, विद्युत उपकरणों का सुरक्षित उपयोग करने तथा ज्वलनशील पदार्थों के प्रति सतर्कता बरतने जैसे महत्वपूर्ण संदेश प्रसारित किए गए।कार्यक्रम के दौरान अग्निशमन दल के कर्मियों द्वारा अग्निशमन गीत की शानदार प्रस्तुति दी गई।

### बलिदान का सम्मान

उल्लेखनीय है कि भारत में प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है। यह दिवस 14 अप्रैल 1944 को मुंबई (तत्कालीन बॉम्बे) में 'एसएस फोर्ट स्टिकाइन' जहाज पर लगी भीषण आग एवं विस्फोट की घटना की स्मृति में मनाया जाता है, जिसमें 66 दमकल कर्मियों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। इस दिवस का उद्देश्य अग्निशमन कर्मियों के साहस और बलिदान को सम्मान देना तथा आमजन में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

कार्यक्रम के दौरान सहायक यंत्री अनिल जायसवाल, उपयंत्री शैलेन्द्र प्यासी, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, फायर निरीक्षक शैलेंद्र दुबे, पारसनाथ प्रजापति, कर्मचारी संघ अध्यक्ष एवं निगम के पूर्व अधिकारी गणेश बिचपुरिया, विष्णु प्रसाद साहू, श्रीराम चौरसिया, अरविंद प्यासी, समाजसेवी अजय सरावगी सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

# 19 बंदरों को पकड़कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर क्षेत्र में बंदरों की बढ़ती समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिक निगम द्वारा नागरिकों को राहत प्रदान करने हेतु विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत उत्तरप्रदेश के मथुरा से विशेषज्ञ टीम को बुलाकर बंदरों को पकड़ने की कार्यवाही शुरू कराई गई है।नगर निगम प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य नगर क्षेत्र में बंदरों के उत्पात पर नियंत्रण स्थापित कर आमजन को सुरक्षित एवं सुगम वातावरण उपलब्ध कराना है।

बंदरों की लगातार बढ़ती संख्या के कारण नागरिकों को हो रही परेशानी को दृष्टिगत रखते हुए यह पहल की गई है।अभियान की शुरुआत मंगलवार को विश्राम बाबा वार्ड से की गई, जहां विशेषज्ञ टीम द्वारा लोक निर्माण कार्यालय परिसर के पीछे पिंजरे स्थापित कर 19 बंदरों को सफलतापूर्वक पकड़ा गया। इस दौरान नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौके पर उपस्थित रहे और अभियान की मॉनिटरिंग की।

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गए बंदरों को सुरक्षित रूप से वन क्षेत्रों में छोड़ा जा रहा है, जिससे वे पुनः नगर क्षेत्र में वापस न आ सकें। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगामी दिनों में नगर के अन्य वार्डों में भी चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जाएगा।नगर निगम द्वारा उठाए गए इस कदम से शहरवासियों को बंदरों की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। प्रशासन ने नागरिकों से भी सहयोग की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### छात्राओं ने किया बाबा साहब को कैनवास पर जीवंत, तस्वीर देखकर लोग हुये मुग्ध

**पन्ना।** डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में शाहनगर के विभिन्न आदिम जाति कल्याण विभाग के छात्रावासों में छात्राओं और विद्यार्थियों ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बडे हर्षोल्लाल पूर्ण तरीके के साथ मनाई इस अवसर पर बाबा साहब को समर्पित जीवंत चित्रकला (लाइव पेंटिंग) और रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इस अवसर पर शाहनगर मुख्यालय के शास0 अनु0जाति0 सीनियर कन्या छात्रावास में चित्रकला प्रतियोगता का आयोजन किया गया। जहां छात्रावास की आधिक्षिका श्रीमति अनुराधा सिह की मौजूदगी में भारत की शिल्पी डॉ 0 भीमराव अंबेडकर की तसवीर पर दीपप्रज्वतमलित पश्चात पुष्प अर्पित किये गये ततपश्चात छात्रावास में अध्ययनरत छात्राओं ने कैनवास पर रंगों के माध्यम से डॉ. अंबेडकर के व्यक्तित्व, उनके विचारों और सामाजिक समरसता को जीवंत कर दिया छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स के माध्यम से समानता, शिक्षा (शिक्षित हो, संगठित हो, संघर्ष करो), और संवैधानिक अधिकारों का संदेश दिया गया। इस अवसर पर छात्रावास की आधिक्षिका श्री मति अनुराधा सिंह ने छात्रों के इस रचनात्मक प्रयासों की प्रशंसा की और कहा कि यह सामाजिक जागरूकता की दिशा में एक सकारात्मक पहल है।

### केन बेतवा लिंक परियोजना प्रभावित ग्रामों से बेदखली कार्यवाही स्थगित

**पन्ना।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं भू अर्जन अधिकारी पन्ना द्वारा केन बेतवा लिंक परियोजना में अनुविभाग पन्ना के तहत प्रभावित ग्रामों कटहरी बिलहटा, कोनी, मझौली एवं गहदरा में भू अर्जन कार्यवाही एवं मुआवजा वितरण उपरांत भूमि एवं परिसम्पत्तियों की बेदखली कराते हुये अधिग्रहित भूमि रिक्त कराकर इसका कब्जा वन विभाग को सौंपे जाने के लिए 15 अप्रैल से कार्यवाही प्रारंभ करना नियत किया गया था। पन्ना विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह से उक्त ग्रामों के प्रभावित व्यक्तियों ने इस संबंध में मुलाकात की, जिस पर चर्चा उपरांत भू अर्जन की सर्वेक्षण सूची में छूटे हुये आवासों सहित 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने संबंधी बिन्दु पर 10 दिवस में सर्वे कर जानकारी एकत्र करने के संबंध में क्षेत्रीय विधायक द्वारा जिला प्रशासन को कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किये।

नगर में निकली भव्य शोभायात्रा

# धूमधाम से मनाई गई डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

भारतीय संविधान के निर्माता, महान समाज सुधारक, विचारक और सामाजिक न्याय के पुरोधा, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती नगर में अत्यंत उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने नगर में भव्य शोभायात्रा निकालकर बाबा साहेब को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शोभायात्रा के दौरान पूरा नगर "जय भीम, जय भीम" के नारों से गूंज उठा और जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा का शुभारंभ चंडी वार्ड से अंबेडकर धर्मशाला से किया गया जो बंशी सागर, रतन बजरिया, कोपरेटिव बैंक, राय चौराहा, मंदिर-मस्जिद चौराहा और बस स्टैंड होते हुए गांधी वार्ड पहुंची जहां बाबा साहेब की प्रतिमा पर समाज के गणमान्य नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने माल्यार्पण कर उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया। शोभायात्रा में युवाओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। जगह-जगह डीजे और बैंड की धुन पर युवा झूमते नजर आए।

पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। नगरवासियों ने अपने घरों और दुकानों के सामने खड़े होकर शोभायात्रा का स्वागत किया और बाबा साहेब के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा समाज को दिए गए अमूल्य योगदान को याद किया।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का संदेश "शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो" आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक है। उनके विचार सामाजिक समानता, न्याय और अधिकारों की लड़ाई में सदैव प्रेरणा देते रहेंगे।

### भाजपा ने भी मनाई अंबेडकर की जयंती

बाबा साहब की जयंती पर भाजपा नगर मंडल के नेतृत्व में विधायक उमादेवी खटीक ने कार्यकर्ताओं के साथ गौरीशंकर वार्ड में चंडी जी चौराहा के पास स्थित डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात डॉ. अंबेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए गए। इस दौरान उन्होंने बाबा साहब के जीवन दर्शन और उनके कड़े संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार विपरीत परिस्थितियों में भी बाबा साहब ने शिक्षा प्राप्त की और देश को एक प्रगतिशील संविधान दिया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा ने बाबा साहब की उपलब्धियों को याद करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिखाए गए समानता और बंधुत्व के मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। इस दौरान नगर व क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थित रही।

## बनवार-कुसमी-मानगढ़-साखा में धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती

**बनवार।** क्षेत्र के ग्राम बनवार, कुसमी, मानगढ़ एवं साखा में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। बनवार ग्राम में अंबेडकर जयंती के अवसर पर अनुयायियों द्वारा भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें "जय भीम-जय भीम" के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। आकर्षक ढंग से सजी झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जिसने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। रविदास मंदिर से अंबेडकर चौक तक निकली इस शोभायात्रा के बाद मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन और उनके विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने समाज को नई दिशा दी और सभी वर्गों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित किया। इसी क्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था "जय साईं शिक्षा एवं सांस्कृतिक समिति", सेक्टर सिंग्रामपुर के अंतर्गत ग्राम कुसमी, मानगढ़ एवं साखा में पंचायत स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाबा साहेब के जीवन, उनके संघर्षों एवं भारतीय संविधान निर्माण में उनकी भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित जनों ने इन विषयों पर जागरूकता बढ़ाने एवं ठोस कदम उठाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि कप्तान सिंह ठाकुर, पंचायत सचिव अफजल खान, सहायक सचिव मोहित अवस्थी, समिति अध्यक्ष सचेंद्र रजक, गोविंद ठाकुर, कोटवार गोविंद जरहा के साथ ग्राम साखा से पिंटू दुबे, चंद्र प्रताप सिंह, राजेंद्र सिंह, माधव सिंह, सरपंच उजियार सिंह सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अंत में सभी ने बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाते हुए समाज हित में कार्य करने तथा जल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।




# हितग्राही सम्मेलन का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जन्म जयंती के अवसर पर ग्राम रनेह में विकासखंड स्तरीय हितग्राही सम्मेलन विधायक हटा उमादेवी खटीक की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बाबा साहब की जन्म जयंती पर मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा प्रत्येक विकासखंड व जिला स्तर पर कार्यक्रम करने के निर्देश थे। उक्त कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष हटा गंगाराम पटेल, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत दमोह शिवचरण पटेल, मनीष तंतुवाय, गोपाल पटेल, कन्हैयालाल पटेल, राधारानी मोती अहिरवार, महेश्वर सिंह, शैलेष पटेल, प्रियेश आठया, सरपंच कन्हैयालाल आदिवासी और ग्राम रनेह के अन्य गणमान्य नागरिक माताएं, बहने उपस्थित रहीं।

## संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती मनाई



**तेंदूखेड़ा।** संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726वीं जन्म जयंती बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ सेन धर्मशाला वार्ड क्रमांक 1 में मनाई गई। इस पावन अवसर पर समाज के सभी वर्गों के लोगों ने एकत्रित होकर संत जी के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके आदर्शों को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। इसके पश्चात भजन-कीर्तन एवं सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भजनों की मधुर स्वर लहरियों ने सभी को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया। सत्संग के दौरान वक्ताओं ने संत शिरोमणि सेन जी महाराज के जीवन, उनके उच्च आदर्शों एवं समाज सुधार में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संत जी ने सदैव समाज में समानता, भाईचारे और सेवा भावना का संदेश दिया। वक्ताओं ने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि वे संत जी के बताए मार्ग पर चलें और उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करें। इस अवसर पर समाज के उत्थान, शिक्षा के प्रसार एवं आपसी सद्भाव को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने संकल्प लिया कि वे संत जी के आदर्शों को अपने दैनिक जीवन में अपनाकर समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ, जिसमें सभी ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम भी बना।

### अंबेडकर जी मूर्ति का हुआ भूमिपूजन



**नरसिंहगढ़।** नरसिंहगढ़ चौकी के पास भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति का भूमि पूजन मंत्री श्री लखन पटेल के कर कमलों द्वारा भूमि पूजन किया गया। डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पुलिस चौकी नरसिंहगढ़ के बाजू से स्थापित की जानी है जिसके साथ ही मंत्री जी द्वारा कहा गया सौंदर्य करण भी किया जाएगा क्योंकि बाबा साहब भारत रत्न है और जो काम बाबा साहब ने किय जितनी तारीफ की वह कम है। बाबा साहब किसी एक व्यक्ति के नहीं है भारत के हर व्यक्ति के हैं। भारत देश की शान है। इस मौके पर क्षेत्र के लोग और नरसिंहगढ़ के सभी लोग सम्मिलित हुए सर्वप्रथम बाबा साहब अंबेडकर जी की पूजन अर्चना करने के बाद भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंडी अध्यक्ष खरगराम पटेल जी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, जनपद अध्यक्ष खिलान अहिरवार,मंडल अध्यक्ष दिनेश पटेल जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरोत्तम पटेल जी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि ललती संतोष मोदी,महामंत्री बलीराम,सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र बिदौलिया, सरपंच महेंद्र पटेल मोठा,सरपंच प्रशांत पटेल अहरौरा,कृष्णकुमार पटेल सरपंच शकतपुर, ब्रजेश पाठक जी नरसिंहगढ़,तहसीलदार विंद्रेश पांडे ,पटवारी कोमल सिंह,सचिव संतोष यादव , चौकी प्रभारी अभिषेक पटेल, शंकर कुर्मी किसान मोर्चा जिला सोशल मीडिया प्रभारी,अभिषेक नामदेव पटवारी,घनश्याम पटेल पटवारी, दीपेश मिश्रा,मनीष विश्वकर्मा पटवारी, गुलशन विश्वकर्मा पटवारी ,रमेश अहिरवार मूरत अहिरवार लखन अहिरवार प्रेम अहिरवार कुंजी अहिरवार एवं समस्त नरसिंहगढ़ के गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बाबा साहेब की जन्म जयंती कार्यक्रम में शामिल हुये राज्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया



नगर के बंडा तिराहे स्टेशन रोड डां.भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा पर जन्म जयंती के अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा पहुंचकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, क्षेत्रीय विधायक व पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंत्री लखन पटेल द्वारा कहा कि हमारी सरकार ने हमेशा से 'पंच तीर्थ' की बात करें,तो चाहे वो लंदन में हो, चाहे महू में हो, चाहे मुम्बई का हो, जहाँ-जहाँ पर अंबेडकर जी रहे या उन्होंने दीक्षा ग्रहण की या उन्होंने पढ़ाई की, उन सारे स्थानों को हमारी सरकार ने 'पंच तीर्थ' के नाम से तैयार किया और उस पर करोड़ों रुपये खर्च करके उसको व्यवस्थित करने का काम किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष सुंदरलाल विश्वकर्मा, जनपद अध्यक्ष डॉ.खिलान अहिरवार, राजेन्द्र गुरू, मंडल अध्यक्ष रमेश कुशवाहा,जमना जैन पूर्व मंण्डी अध्यक्ष खरगराम पटैल, गौरव पटैल, संतोष दुबे, लक्ष्मण सिंह, डॉ.बीएल अहिरवार, डीपी बौद्ध, केएल अहिरवार, रमेश पटैल, प्रदीप पटेल, मनोज कुमार वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में आमजन मौजूद थे। राज्यमंत्री लखन पटैल ने कहा संसद में एक ऐसा बिल आने वाला है जो इतिहास के पन्नों में लिखा जाएगा। महिलाओं के लिए 33% आरक्षण का बिल आ रहा है और मुझे पूरा विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सभी दलों की एक बैठक रखी है, जिसमें सबसे कहा है कि इस बिल का समर्थन करें ताकि विरोध न हो। तो इस बार ऐसा पूरा विश्वास है कि महिला आरक्षण बिल पास हो जाएगा। वर्ष 2028 और 2029 में जो चुनाव होंगे वह इसी आरक्षण के आधार पर होंगे। 33% सीटें बढ़ जाने से लोकसभा में सीटें बढ़कर के 816 सीटें हो रही हैं और विधानसभा में 345 सीटें होंगी, तो निश्चित रूप से दमोह में चार की छह सीटें होने की संभावना हो जाएँगी। जब छह होंगी तो दो बहनें कोई न कोई यहाँ आकर के बैठेंगी। अब वह कौन होंगी, वो तो उनकी किस्मत में है, लेकिन होंगी ज़रूर, बहनों के लिए बहुत बड़ा दिन है। एक बार बहनें मोदी जी के लिए अभिनंदन करें क्योंकि ये बहुत हिम्मत का काम है। जनपद अध्यक्ष खिलान अहिरवार ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब ने अपना पूरा जीवन अस्पृश्यता और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ संघर्ष में समर्पित कर दिया। कठिन परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बनाया और "शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो" का संदेश दिया, जो आज भी प्रासंगिक है। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### संस्कृति ज्ञान परीक्षा के मेधावी छात्र पुरस्कृत



**दमोह।** स्थानीय टंडन बगीचा स्थित गायत्री परिवार कुंज में गत दिवस रविवार को 'भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा' के जिला स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले भर के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के उन मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। प्रमुख अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी एवं पशु पालन राज्य मंत्री लखन पटेल उपस्थित रहे। मंत्रियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । युवाओं के सांस्कृतिक चेतना का संचार समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि गायत्री परिवार द्वारा आयोजित यह परीक्षा नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का एक अनुकरणीय प्रयास है। इस अवसर पर मंत्री जी द्वारा विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। डॉ. विजय लाल कॉलेज के सत्यम मिश्रा ने मारी बाजी, पुरस्कारों की श्रेणी में डॉ. विजय लाल कॉलेज के छात्र सत्यम मिश्रा ने जिला महाविद्यालय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया। सत्यम के साथ-साथ अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को भी प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वह गायत्री परिवार के वरिष्ठ सदस्यों ने बताया कि इस परीक्षा का मूल उद्देश्य युवाओं को भारतीय संस्कृति के गौरवशाली इतिहास और नैतिक मूल्यों से अवगत कराना है, ताकि एक सभ्य और सुसंस्कृत समाज का निर्माण हो सके।

## आउटसोर्स कर्मचारियों की मांगों के समर्थन में मजदूर संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री देवेंद्र चौबे ने बताया कि, भारतीय मजदूर संघ प्रदेश के आवाहन पर जिले के समस्त ठेका श्रमिक, संगठित गैर संगठित, ओला, उबर, जोमैटो, फ्लिपकार्ट, अमेजॉन, मोबाइल ऐप पर काम करने वाले एवं स्ट्रीट वेंडर, श्रमिकों के सामने सामाजिक सुरक्षा, स्थायित्व आय की अनिश्चित श्रमिकों के सामने सामाजिक सुरक्षा, स्थायित्व आय की समस्या एवं विधिक अधिकारों से जुड़ी कई गंभीर चुनौतियां जुड़ी है निम्न मांगों को लेकर आउटसोर्स कर्मचारी के लिए प्रदेश में निगम मंडल का गठन किया जाएं। श्रम कानून का शक्ति से पालन किया जाएं। आउटसोर्स कर्मचारी को न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा प्रदान किया जाएं। समान कार्य समान वेतन दिया जाएं। ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे आउटसोर्स कर्मचारी का शोषण बंद हो। आउटसोर्स कर्मचारी के साथ अन्याय समाप्त हो। जायज मांगों के निराकरण हेतु कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर जिलाधीश महोदय को दिनांक 21 अप्रैल 2026 दिन मंगलवार को आउटसोर्स कर्मचारीयों की जायज समस्त मांगों का समावेश कर, जिले के समस्त आउटसोर्स कर्मचारीयों की उपस्थिति में धरना प्रदर्शन रैली ज्ञापन सोपा।

### जसवंतपुरा गांव में बाघ की हलचल, वन विभाग की त्वरित कार्रवाई

**अमानगंज।** पन्ना टाईगर रिजर्व में दिनांक 12/04/2026 को ग्रामवासियों द्वारा बीट गार्ड जसवंतपुरा को सूचना दी गई कि गांव के आसपास एक बाघ ने एक पड़े (पशु) का शिकार किया है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल तलाशी अभियान शुरू किया गया।

# दमयंती क्लब की बैठक संपन्न



**दमोह।** दमयंती क्लब की बैठक सुषमा तिवारी की मेजबानी में आयोजित की गई, जिसमें क्लब की अध्यक्ष श्रीमती रितु दुआ सहित पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर पुणे से पधारी विशिष्ट अतिथि श्रीमती नीरजा श्रीवास्तव का सम्मान किया गया। बैठक के दौरान युद्ध में दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विश्व शांति की कामना की गई। साथ ही सुर सम्राज्ञी आशा भोषले को दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। गर्मी के मद्देनज़र पक्षियों के संरक्षण हेतु सदस्यों को मिट्टी के सकोरे वितरित किए गए, जिससे पर्यावरण एवं जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया गया।

# सिंग्रामपुर में डॉ. अंबेडकर की 135वीं जयंती पर हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर




सिंग्रामपुर में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों ने एकजुट होकर भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा, उत्साह और गरिमामय वातावरण के बीच मनाई। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रबुद्धजनों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान महादेव घाट रोड से जबेरा होते हुए सिंग्रामपुर, कोड़ा कला और भजिया मार्ग तक भव्य बाइक रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ। 'बाबा साहेब अमर रहें' के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा और उपस्थित लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के अनुज सतेंद्र सिंह लोधी उपस्थित रहे। वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता रूपेश सेन ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे विस्तृत और श्रेष्ठ लिखित संविधान है, जो प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की जयंती केवल औपचारिकता न बनकर उनके विचारों को जीवन में उतारने का माध्यम बननी चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन सामाजिक समता और भेदभाव उन्मूलन के लिए समर्पित रहा है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही एक सशक्त और समतामूलक समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित लोगों को 'नशा मुक्त भारत' बनाने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। वक्ताओं ने शिक्षित, जागरूक और व्यसनमुक्त समाज को ही बाबा साहेब के सपनों के भारत की आधारशिला बताया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, जिला पंचायत सदस्य रजनी ठाकुर ने कार्यक्रम के समापन पर सभी का आभार व्यक्त किया। साथ ही बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पटेरा में कल से होगी तीन दिवसीय जनगणना अधिकारियों का प्रशिक्षण

पटेरा। पटेरा के मॉडल बेसिक स्कूल में पहले बैच के 135 कर्मचारियों का जनगणना का प्रशिक्षण होगा जिसमें मास्टर्स ट्रेनर्स 10:00 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक जनगणना अधिकारी और सुपरवाइजर को ट्रेनिंग देंगे। तहसीलदार पटेरा एवं जनगणना चार्ज अधिकारी उमेश तिवारी ने मॉडल बेसिक विद्यालय ट्रेनिंग सेंटर का निरीक्षण किया आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए विद्यालय प्रबंधन एवं मास्टर्स ट्रेनर्स को आवश्यक निर्देश दिए मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश गुजरे कमलेश शर्मा मुलायम यादव मास्टर ट्रेनर्स नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल सदर पटवारी धर्मेंद्र चक्रवर्ती और जनगणना ऑपरेटर नोडल अधिकारी प्रमोद पटेल उपस्थित रहे।

### अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर की आत्महत्या

जबेरा। जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत आने वाले नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत सलैया चौबीसा गांव में 28 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी अभिषेक पटेल के निर्देशन में मौके पर प्रधान आरक्षक प्रवीण सेन और आरक्षक कुलदीप सोनी ने पहुंचकर शव का पंचनामा की कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम हेतु शव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा भिजवाया गया जहां पर पदस्थ डॉक्टर सौरभ सुमन यादव ने पोस्टमार्टम किया इसके उपरांत शव परिजन के सुपुर्द किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक लक्ष्मण पिता टेक सिंह उम्र 28 वर्ष की अज्ञात कर्ण की चलते मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई हैं।

### वैभव पटेल कुर्मी क्षत्रिय समाज दमोह के युवा जिलाध्यक्ष नियुक्त

**दमोह।** मध्य प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला दमोह के अध्यक्ष चौधरी महेंद्र प्रताप सिंह ने समाज के वरिष्ठजन की सहमति के उपरांत कुर्मी समाज की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। जिसमें दमोह जिले के हिरदेपुर निवासी और सामाजिक कार्यकर्ता वैभव सुरेश पटेल के लिए युवा जिलाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। वैभव सुरेश पटेल ने कहा है कि वह समाज को मजबूत करने एवं समाज को संगठित करने के लिए निरंतर कार्य करेंगे। समाज के नये युवाओं को भी समाज की मुख्य विचारधारा से जोड़ने का काम करना है।

सरकार 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' लागू होने से आने वाले 50 वर्षों में भारत की राजनीति में बदलाव लाएगा-सांसद

# केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की पहल एक ऐतिहासिक कदम - राज्यमंत्री

### डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर मानस भवन में आयोजित हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



डॉ. अंबेडकर के विचार आज भी समाज को समानता और न्याय का मार्ग दिखाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मानते हैं "यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवताः" का भाव हमारे समाज में महिलाओं के सम्मान और अधिकारों को दर्शाता है। इसी दिशा में केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की पहल एक ऐतिहासिक कदम है। इस आशय की बात प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने स्थानीय मानस भवन में आयोजित जिला स्तरीय डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर आज जनमानस के बीच कही। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉं भीमराव अंबेडकर जी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित और माल्यार्पण कर किया गया। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती के अवसर पर प्रदेश एवं जिले के नागरिकों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष डॉ.रामकृष्ण कुसमरिया, सांसद राहुल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला पंचायतअध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, उपाध्यक्ष मंजु धर्मेन्द्र कटारे, कलेक्टर प्रताप नारायण यादव, डॉ.आलोक गोस्वामी, संजय यादव, राजू कमल ठाकुर, संतोष रोहित, अपर कलेक्टर मीना मसराम, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम सौरभ गंधर्व सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण मौजूद थे।

राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा डॉ. अंबेडकर जी का जो संदेश हमको शिक्षित और सुसंस्कृत करता हैं ताकि आने वाले समय में हम देश, समाज और राष्ट्र का काम कर पाएं। डॉ. अंबेडकर का भारतीय संविधान निर्माण में अमूल्य योगदान रहा है और उनका जीवन संघर्ष हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ₹शिक्षा शेरनी का दूध है₹, इसे अपनाकर ही समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान दिया जा सकता है। राज्यमंत्री ने सभी नागरिकों से डॉ. अंबेडकर के विचारों को आत्मसात कर देशहित में कार्य करने का आह्वान किया।

मप्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने सामाजिक न्याय और समानता को लेकर कहा कि समाज के वंचित वर्गों को उनका अधिकार मिलना एक सकारात्मक और स्वागत योग्य कदम है। उनके अनुसार, यह वही लक्ष्य है जिसके लिए बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने आजीवन संघर्ष किया था समाज से असमानता को समाप्त करना उनका उद्देश्य था।

सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर सभी देशवासियों, जिलावासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा बाबा साहब के विचार उनकी सोच थी जिस प्रकार से उन्होंने शिक्षा प्राप्त करके नए-नए आयाम हासिल किए हैं, और भारत का संविधान रचने का काम बाबा साहब ने किया, निश्चित ही उससे हम लोगों को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा देश के संविधान को आगे बढ़ाते हुए सरकार लोकसभा में 16, 17 और 18 अप्रैल को 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' लागू करने वाली है और यह आने वाले 50 वर्षों में भारत की राजनीति में बदलाव लाएगा। विधानसभा और लोकसभा में आप देखेंगे कि महिला विधायक और महिला सांसदों की संख्या बढ़ने वाली है।

उन्होंने कहा महिलाओं के लिए बहुत ही खुशी का अवसर है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉं मोहन यादव जी ने हम महिलाओं के बारे में इतना सोचा। मैं उनके लिए हृदय से बहुत-बहुत आभार और धन्यवाद देती हूँ कि जहाँ 252 विधायक चुने जाते हैं वहाँ 30% आरक्षण पर 70-80 महिलाएँ भी चुनी जाएँगी और महिलाएँ परिवार की रीढ़ होती हैं और अब हम देश की रीढ़ भी बनेंगे। देश के विकास में हमारी भी भूमिका रहेगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में विस्तार से अपनी बात रखते हुये पात्र हितग्राहियों से अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह किया। उन्होंने बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर के संघर्षो को याद करते हुये उनसे प्रेरणा लेकर अपने जीवन में उतारने का आग्रह आमजन से किया।

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा केवल जयंती मनाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके आदर्शों और संघर्षों से सीख लेकर उन्हें व्यवहार में लागू करना आवश्यक है। उन्होने कहा, महान व्यक्तित्वों ने विपरीत परिस्थितियों में कार्य करते हुए शिक्षा के बल पर न केवल स्वयं को स्थापित किया, बल्कि पूरे राष्ट्र को नई दिशा दी। ऐसे में समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे।

कलेक्टर श्री यादव ने विशेष रूप से शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। यदि हम सभी शिक्षा को अपनाते हुए आगे बढ़ें, तो निश्चित रूप से समाज को एक नई दिशा देने में सफल होंगे।

**विभिन्न विभागों के हितग्राही मूलक योजनाओं के हितग्राही हुए लाभान्वित**

इस अवसर पर लाड़ली लक्ष्मी योजना, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास शहरी एवं ग्रामीण, अंत्यव्यसायी के हितग्राहियों को अंबेडकर योजना और संत रविदास योजना के तहत 02-02 लाख रूपये के चेक, पशु चिकित्सा विभाग द्वारा दुग्ध डेयरी योजना अंतर्गत 05 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र, स्कूल शिक्षा 10 वी 12 में मेरिट मे आये बच्चों का सम्मान, सेडमेप द्वारा महिलाओं का स्वरोजगार स्थापित करने के लिए ऋण स्वीकृत पत्र, नगर पालिका सफाई कर्मचारियों का शॉल श्रीफल से सम्मान, आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओं के लिए स्वीकृत पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन विपिन चौबे ने किया।

# ऑटो को टक्कर मारकर तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, एक की मौत



**दमोह।** जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर नोहटा थाना अंतर्गत हथनी ग्राम के समीप हुए भीषण सड़क हादसे में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। एक्सीडेंट की जानकारी लगने पर नोहटा थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचे। बाद में एसपी ने भी मौके पर पहुचकर घटना की जानकारी ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार रात करीब 10 बजे हथनी ग्राम के समीप एक तेज रफ्तार कार ऑटो को टक्कर मारकर सड़क से उतरकर पेड़ से टकरा गई जिससे उसका अगला हिस्सा चकनाचूर हो गया। वहीं कार चालक सहिज सवार लोग भी घायल हो गए। लेकिन पुलिस जब मौके पर पहुची तो कार में में चालक के फसे होने की संभावना के चलते तलाश की गई। लेकिन तब तक घायल चालक व सवार लोग भाग चुके थे। इधर टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए, वही ऑटो चालक फस कर रह गया। घटना की जानकारी लगने पर नोट थाना प्रभारी अभिषेक पटेल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ऑटो में फंसे व्यक्ति को निकलवा कर 112 डायल के माध्यम से जिला अस्पताल भेजा जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। इधर टक्कर मारने वाली कार तथा इसमें सवार लोगों के बारे में भी जानकारी नहीं लग सकी है। बताया जा रहा है पुलिस के आने के पहले ही यह लोग भाग गए। इधर घटना के बाद मौके पर दमोह एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी भी पहुंचे थे। जिनके द्वारा थाना प्रभारी से जानकारी लेते हुए निर्देश दिए गए। फिलहाल मृतक को जिला अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया गया है। मंगलवार को व्रत के बारे में पताशाजी करके पोस्टमार्टम कार्रवाई की जाएगी।

### पीएमयूएम शिक्षक संघ शासन से मान्यता प्राप्ति की ओर अग्रसर

**दमोह।** पीएमयूएम शिक्षक संघ प्रांत संयोजक जिला अध्यक्ष पवन खरे ने बताया कि पी.एम.यू.एम. शिक्षक संघ द्वारा अपने दिवंगत सदस्यों के परिजनों को आर्थिक संबल प्रदान करने का सराहनीय कार्य निरंतर जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कर्मचारी कल्याण कोष योजना के माध्यम से इस बार दो दिवंगत सदस्यों के परिवारों को एक साथ सहयोग प्रदान किया जा रहा है। स्व. श्री महेन्द्र सिंह मुवेले जी के परिवार को अब तक लगभग 23 लाख रुपये तथा स्व. श्री रेवाराम अलोने जी के परिवार को 27 लाख रुपये से अधिक की सहायता प्रदान की जा चुकी है। यह सहयोग प्रक्रिया 15 अप्रैल 2026 तक जारी रहेगी।

### सत्य साई बाबा के जन्म शताब्दी वर्ष में रथयात्रा निकाली

**दमोह।** श्री सत्य साई सेवा संगठन मध्यप्रदेश द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में भगवान श्री सत्य साई बाबा पुट्टपर्ती (आंध्र प्रदेश) के जन्म शताब्दी वर्ष में एक रथयात्रा निकाली जा रही है इस रथ में साई की महा समाधी एवं चरणों के दिव्य दर्शन हो रहे हैं स मध्यप्रदेश की यह रथयात्रा 9 अप्रेल से दमोह जिला में प्रवेश होकर जिले के विभिन्न स्थान से होकर अभी दमोह नगर में संचालित हो रही है। इस यात्रा को सभी भक्तों व आम जनमानस तक पहुंचाने हेतु इसे सर्वप्रथम सोमवार को धरमपुरा वार्ड से शुरू किया गया जहाँ से फिर ज्वाला माई तिराहा, पुराना थाना, सिटी नल, महाकाली चौक, बड़ा पुल, घंटाघर, बकौली, श्री देव राधिका रमण मंदिर, सिनेमा तिराहा से कीर्ति स्तंभ, सिविल वार्ड, विवेकानंद कॉलोनी, प्रोफेसर कॉलोनी, पुलिस कॉलोनी, उपरांत रात्रि विश्राम जगदीश टॉकीज के पास किया गया सम्पूर्ण भ्रमण के समय नगर के भक्तों व आम जनमानस द्वारा जगह जगह अभिनन्दन कर पूजन व आरती कर अपनी आस्था को प्रकट किया, जिसके बाद मंगलवार की सुबह पुनः रथयात्रा शुरू हुई और कीर्ति स्तम्भ से बस स्टेण्ड, स्टेशन चौक, पहुँची जहाँ पर श्री सत्य साई संगठन का सार्वजनिक प्याऊ का शुभारम्भ हुआ स यात्रा आगे दमोह अस्पताल मार्ग से होकर तीन गुल्ली होकर सागर नाका से हिरदेपुर बस्ती में पहुँची जहाँ दोपहर बाद भ्रमण कर रात्रि विश्राम किया गया। रथयात्रा 18 तारीख को दोपहर में सागर जिला में ग्राम रोन से प्रवेश करेगी, उसके पहले यात्रा रामनाथ पिपरिया, पटमोना मानपुर, खेजरा में भ्रमण पर रहेगी स श्री सत्य साई सेवा संगठन के सेवादल द्वारा इस यात्रा को नगर में व्यवस्थित संचालन करने में सेवा कार्य किया जा रहा है जिससे यात्रा का सुगमता पूर्वक संचालन हो सका है स संगठन के सभी जिला व समिति स्तर के पदाधिकारीगण की लगातार उपस्थिति यात्रा में हो रही है।

# कमांडो फिजिकल एकेडमी दमोह का हुआ शानदार प्रदर्शन




दमोह। मध्य प्रदेश पुलिस भर्ती के हाल ही में घोषित परिणामों में कमांडो फिजिकल एकेडमी दमोह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अकादमी से कुल 57 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, जो प्रदेश में सर्वाधिक चयन माना जा रहा है। इस उपलब्धि के साथ ही कमांडो फिजिकल एकेडमी दमोह ही प्रदेश की ऐसी संस्था बन गई है, जिसने सर्वाधिक परिणाम दिए हैं। विशेष बात यह रही कि इन अभ्यर्थियों ने मात्र दो माह की तैयारी में यह सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर अकादमी द्वारा चयनित सभी अभ्यर्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अकादमी के संचालक करण पटेल ने सभी सफल अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अकादमी प्रबंधन के अनुसार, यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन का परिणाम है।

## बाबा साहेब की जयंती धूमधाम से मनाई



**तेजगढ़।** राजा तेजी सिंह की नगरी तेजगढ़ में डॉ भीमराव अंबेडकर जन्म जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। डीजे की गूंज के साथ बड़ी संख्या में अहिरवार सामान से लेकर सभी समाज के व्यक्ति तेजगढ हाई स्कूल मे एकत्र हुए। जहाँ से समी ने अम्बेडकर जी की चित्र को गाडी मे सजा कर रैली निकाली। जो ग्राम के मुख्य रास्तों से होते हुए जय भीम के नारे लगाते हुए तेजगढ़ रेस्ट हाउस जनसमूह पहुंचा जहां पर जन सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने विधि विधान के साथ भगवान बुद्ध और डॉक्टर भीम राव अंबेडकर के चित्र पर फूल माला अर्पित कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया। जनप्रतिनिधियों ने डॉक्टर साहब के कार्यकाल के ऐतिहासिक को बताकर जनसमूह को नई ऊर्जा दी मंत्री जी ने सभा को संबोधित कर कहा बाबा साहेब कहते हे पढो,बडो ओर सँघर्ष करो ओर उनके जीवन परिचय को बताया। इस कार्यक्रम मे उपस्थित पूर्व विधायक प्रताप सिंह, जनपद अध्यक्ष तुला राम यादव, हरिसिंह यादव , संग्राम सिंह लोधी, भारत सिंह, नारायण सिंह, लकी सिंह, बेडी सिंह राजकुमार साहू तेजगढ थाना प्रभारी अरविन्द सिंह,अनिल विश्वकर्मा, अनीता सिंह उत्तम अहीरवाल रेवाराम अहीरवाल ब्रह्मदास अहिरवार, परम अहिरवार, मानक अहीरवाल गोरीशंकर अहिरवार, कालूराम अहिरवार, गंगाराम बंसल सहित बडी संख्या मे जनप्रतिनिधि जन समूह एकत्रित रहा।

# अपनी बेटी को महारानी लक्ष्मी बाई और बेटे को वीर शिवाजी जैसा बनाएं - ऋषिकांत गर्ग





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

वार्ड नंबर 2 में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन कथा प्रवक्ता बालव्यास पं.ऋषिकांत गर्ग जी ने सुदामा श्रीकृष्ण मित्रता और राजा परीक्षित मोक्ष प्रसंगों का वर्णन किया। प.ऋषिकान्त जी कहा कि हमे जीवन मे ऐसा मित्र बनाना चाहिए जो विपत्ति में आगे आये। जीवन मे बुरे व्यक्ति से मित्रता जल्दी होती है लेकिन वह स्थायी नही हिती है सज्जन व्यक्ति से मित्रता धीरे होती है और वह स्थायी होती है जीवन कभी घमंड नही करना चाहिए, क्योंकि अहंकार के चलते ही रावण का नाश हुआ था।उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा वह ज्ञान की ज्योति जो स्वयं जलकर औरों को प्रकाश देती है इसलिए हमें अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा व संस्कार दे ताकि बड़ो बुजुर्गों की सेवा करे छोटे बच्चों को बचपन से ही मंदिर और प्रभु की भक्ति की ओर मोड़े, यदि हम अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देंगे तो आपके बच्चों का जीवन अपने आप सफल हो जाएगा।क्योंकि संस्कारहीन व्यक्ति का जीवन मे कभी भी समाज से सम्मान नही मिलता ,उन्होंने आगे कहा कि सुदामा कृष्ण भगवान के परम मित्र थे भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे अपनी पत्नी के कहने पर सुदामा द्वारका पहुँचे। जब द्वारपाल ने भगवान श्रीकृष्ण को सुदामा के आने की सूचना दी तो कृष्णा नंगे पैर दौड़कर आये और अPने मित्र को गले से लगा लिया। सुदामा की दीनदशा देखकर उनकी आंखों से अश्रुधारा बहने लगी। उन्होंने सुदामा को सिंहासन पर बैठकर उनके चरण धोए और सभी पटरानियों ने उनके आशीर्वाद लिया। विदा लेकर जब सुदामा अपने स्थान लौटे तो भगवान की कृपा से उनकी झोपड़ी महल में बदल चुकी थीं एंगल प्रसंग में सुखदेव जी ने राजा परीक्षित की 7 दिनों तक श्रीमद्भागवत की कथा सुनाई जिससे उनके मन से मृत्यु का भय समाप्त हो गया। वे भगवान के परमधाम को प्राप्त हुए। बृज की होली का आनंद भक्तों को प्राप्त कराया फूलों की वर्षा भगवान पर हुआ दिव्य झांकियों ने सब भक्तों का मन मोहा कथा प्रवक्ता में कथा में बच्चों के माता-पिता को सलाह दी कि अपने बेटियों के लिए रानी लक्ष्मी बाई की तरह बहादुर बनाएं जो ना किसी से डरे ना किसी से भयभीत हों और समाज के राक्षसों को मुंहतोड़ जवाब दें और अपने बेटे को महाराणा प्रताप ,राजा छत्रसाल जैसा वीर योद्धा बना जो अपने धर्म की अपने माता-पिता अपने घर परिवार की रक्षा करने में समर्थ हो अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार दें अपने सनातन के बारे में उसको बताएं रामायण भागवत हनुमान चालीसा इत्यादि धार्मिक ग्रंथ का अनुसरण कराएं ,उनको केवल। नौकरी के लिए न पढाएं वो दूसरों को नौकरी देने योग्य बने, ऐसा बनाएं शस्त्र और शास्त्र दोनों विद्याएं सिखाएं ,जो हर परिस्थिति में रह सके उसका सामना कर सके। फूल की होली के साथ कथा का विश्राम हुआ। उक्त अवसर पर मुख्य यजमान व उनके मेहमान के अलावा सैकड़ो की संख्या में मातृ शक्ति ,नगर के सज्जन वृन्द की उपस्थिति रही।

ग्राम सभा का हुआ आयोजन

# जबेरा ग्राम पंचायत में धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत जबेरा में भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत जबेरा में ग्राम सभा का भी आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी विशेष कर महिलाओं की भागीदारी देखने को मिली। बैठक की अध्यक्षता युवराज तिवारी के द्वारा की गई, जबकि संचालन सचिव जन्मेजय दत्त दुबे ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

जिला महामंत्री रानू नामदेव और पत्रकार देवी प्रसाद शर्मा ने अपने संबोधन में बताया कि डॉ. अंबेडकर ने कठिन परिस्थितियों में जन्म लेने के बावजूद अपनी शिक्षा और मेहनत के बल पर भारत के संविधान का निर्माण किया और समाज को समानता का मार्ग दिखाया। सचिव जन्मेजय दत्त दुबे ने नारी सशक्तिकरण पर अपने विचार रखते हुए महिलाओं के अधिकार और उनकी भागीदारी को समाज के विकास के लिए आवश्यक बताया। बैठक के दौरान सरपंच शिवलाल धुर्वे की अनुपस्थिति पर सभी पंचों ने खेद व्यक्त किया। उन्होंने सरपंच के इस रवैये को पंचायत के प्रति उदासीनता बताते हुए निंदा प्रस्ताव पारित किया।

कार्यक्रम में उपसरपंच तिलक सिंह ठाकुर, पंच कालू जैन, (अमित) ,संतोष जैन, अरुण बाजपेई, प्रवीण दुबे ,संदीप दुबे, नारायण शर्मा, मयंक जैन सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नेहा राय, अन्नपूर्णा उपाध्याय, सृष्टि साहू, वंदना नामदेव, मीना जैन, उषा विश्वकर्मा, अनीता, भगवती रैकवार, कविता मेहरा, शशिप्रभा खरिया, रोजगार सहायक सुधीर मेहरा तथा पंचायत कर्मी मनोज सोनी और अंकित जायसवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# पोस्ट ऑफिस भगवान भरोसे जवाबदेही से बच रहे कर्मचारी

### पोस्टल ऑर्डर से लेकर डाक वितरण तक अव्यवस्था, लोगों के जरूरी दस्तावेज तक नहीं पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

भारतीय डाक विभाग द्वारा संचालित स्थानीय पोस्ट ऑफिस लंबे समय से अव्यवस्थाओं और कर्मचारियों की लापरवाही के चलते चर्चा में बना हुआ है। यहां पदस्थ कर्मचारी और अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों के प्रति गंभीर नजर नहीं आते। स्थिति यह है कि कर्मचारी अपनी सुविधा के अनुसार कार्यालय पहुंचते हैं और मनमर्जी से वापस चले जाते हैं। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि पोस्ट ऑफिस में लंबे समय से पोस्टल ऑर्डर उपलब्ध नहीं हैं। जब लोग इसकी जानकारी लेने पहुंचते हैं तो उन्हें यह कहकर लौटा दिया जाता है कि पोस्टल ऑर्डर की बिक्री नहीं होती, इसलिए मंगाए नहीं जाते। इससे आम नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, रजिस्टर्ड डाक के वितरण में भी गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। लोगों के आधार कार्ड और वोटर आईडी जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज, जिन्हें डाक के माध्यम से घर तक पहुंचाया जाना था, उन्हें वितरित करने के बजाय कथित रूप से कचरे की टोकरी में डाल दिया गया। इससे कई नागरिकों को जरूरी दस्तावेज समय पर नहीं मिल सके। ताजा मामला 10 अप्रैल 2026 का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, जबेरा उप डाकघर से जबेरा के लिए स्पीड पोस्ट के माध्यम से एक रजिस्टर्ड पत्र भेजा गया था। ऑनलाइन ट्रैकिंग में 11 अप्रैल 2026 को यह दर्शाया गया कि प्राप्तकर्ता द्वारा पत्र नहीं लेने के कारण उसे प्रेषक को वापस कर दिया गया है। लेकिन आज तक वह पत्र प्रेषक को वापस नहीं मिला है। जब प्रेषक ने इस संबंध में पोस्ट ऑफिस में जानकारी ली, तो उसे बताया गया कि वर्तमान में कोई भी पोस्टमैन पदस्थ नहीं है, इसलिए डाक का वितरण नहीं किया जा रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि यदि पोस्टमैन नहीं है, तो ऑनलाइन रिकॉर्ड में पत्र को "वापस" कैसे दर्शाया गया। मामले को लेकर जब अनिल कुमार से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण वह 15 अप्रैल को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करेंगे। गौरतलब है कि इससे पहले भी जबेरा पोस्ट ऑफिस की लापरवाही और अव्यवस्था से जुड़े समाचार प्रकाशित हो चुके हैं, लेकिन अब तक स्थिति में कोई सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। स्थानीय नागरिकों ने डाक विभाग के उच्च अधिकारियों से तत्काल जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।